## खबर संक्षेप

### जिपं सीईओ ने बेहतर कार्य पर शाबाशी, पुअर परफॉर्मर को दी चेतावनी

**कटनी।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शत प्रतिशत चेकर द्वारा सत्यापन कार्य एवं आवास पूर्णता की प्रगति की जिला पंचायत की सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जनपद पंचायत वार विस्तार से समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत सीईओ ने समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पीएम आवास के विकासखंड समन्वयक एवं चेकर सत्यापन हेतु नामांकित अधिकारियों से आवास पूर्णता एवं सत्यापन के संबंध में प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी अधिकारी डॉ मृगेंद्र सिंह सहायक परियोजना अधिकारी ने जनपद पंचायत वार निर्धारित लक्ष्य एवं प्रगति की जानकारी से अवगत कराया। सुश्री कौर ने सत्यापन कार्य का बेहतर कार्य करने वाले चेकरअधिकारियों की सराहना कर शाबाशी दी वहीं पुअर परफॉर्मेंस वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए 15 जनवरी तक प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित कर शत प्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार नियत समय पर आवास पूर्णता कार्य करें ताकि चिन्हित हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ यथाशीघ्र मिल सके।

### गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारी हेतु बैठक 12 जनवरी को

**कटनी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को झिंझरी स्थित पुलिस लाईन ग्राउण्ड में मुख्य समारोह का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम को सफल एवं सुचारू रूप से मनाये जाने हेतु कार्यक्रम की रूपरेखा व व्यवस्थाओं की तैयारी हेतु सोमवार 12 जनवरी को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट की नवीन सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, आयुक्त नगर निगम, वनमण्डाधिकारी, अपर कलेक्टर सहित सभी संबंधित अधिकारियों को कार्यक्रम की सम्पूर्ण तैयारी की जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

### गौरव शर्मा का ट्रांसफर, गर्वित गंगवार होंगे नये डीएफओ

**कटनी।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भारतीय वन सेवा (IFS) के अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इस तबादला सूची में कटनी वन मंडल भी प्रभावित हुआ है। शासन के आदेश के अनुसार गर्वित गंगवार को कटनी का नया वन मंडल अधिकारी (DFO) नियुक्त किया गया है। वर्तमान में कटनी के DFO रहे गौरव शर्मा का तबादला नर्मदापुरम किया गया है। उनके स्थान पर गर्वित गंगवार अभी पन्ना में थे, अब कटनी की कमान संभालेंगे। प्रशासनिक हलकों में इस बदलाव को नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत लिया गया निर्णय बताया जा रहा है।

### भैंसवाही में विधायक कप का हुआ शुभारंभ



**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के ग्राम भैसवाही में विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी,सरपंच साकेत लोनी ने किया । मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने बताया कि विधायक कप क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने हेतु खेला जा रहा है। विजेता टीम उपविजेता को शील्ड और नगद राशि देकर विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह सम्मानित करेंगे। पहला मैच मुरवारी और बेहरिया के बीच खेला गया । विजय कपिल इंद्र कुमार सौरभ धन कुमार की मौजूदगी रही।

### बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद में हो रहा निर्माण, सांसद ने किया निरीक्षण

# राहत की जगी उम्मीद: 12 किमी लंबी टनल का 490 मीटर ही बचा निर्माण



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत स्लीमनाबाद क्षेत्र में करीब 17 साल से निर्माणाधीन देश की सबसे लंबी करीब 12 किमी टनल निर्माण का कार्य अब बहुत कम शेष बचा है। आगामी कुछ दिनों में यह कार्य पूरा होने के दावे किये जा रहे हैं। स्लीमनाबाद अंडरग्राउंड टनल नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण द्वारा बन रही है जो बरगी डायवर्जन परियोजना का हिस्सा है। टनल निर्माण का मुख्य उद्देश्य जबलपुर, कटनी, रीवा और अन्य जिलों में सिंचाई व पेयजल उपलब्ध कराना है। स्लीमनाबाद में टनल निर्माण के दौरान बीच बीच में कई बाधाएँ आईं जिससे कार्य बाधित हुआ और बहुत लंबा समय गुजर गया। लेकिन अब यह लगभग पूर्णतः की ओर है। जनवरी के आखिर तक पूरी होने की उम्मीद है। टनल निर्माण के बाद पानी की समस्या से राहत मिलेगी। परियोजना का मुख्य उद्देश्य बरगी बांध से नर्मदा जल को कटनी, रीवा और आसपास के क्षेत्रों तक पहुँचाना, जिससे सिंचाई और पेयजल की सुविधा मिले।

#### सांसद ने किया निरीक्षण

बरगी व्यपवर्तन परियोजना के तहत जबलपुर से सतना जिले तक नर्मदा जल पहुंचेगा जिसके लिए स्लीमनाबाद में चल रहे अंडर ग्राउंड टनल का कार्य अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। बुधवार की रात सतना सांसद गणेश सिंह स्लीमनाबाद पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया ओर टनल निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली जिसपर एनवीडीए के अधिकारियों ने जानकारी दी कि टनल निर्माण में अब केवल 490 मीटर का कार्य शेष रह गया है। स्लीमनाबाद बस्ती के समीप पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग के पास चल रहे इस कार्य की समीक्षा करते हुए सांसद ने निर्माण एजेंसी पटेल इंजीनियरिंग एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि 31 जनवरी तक शेष 490 मीटर कार्य हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय-सीमा के साथ-साथ कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि अप-स्ट्रीम मशीन के माध्यम से टनल निर्माण तेजी से किया जा रहा है और अब परियोजना अपने निर्णायक चरण में है। सांसद ने कहा कि टनल पूर्ण होते ही बरगी नहर परियोजना से सतना और मैहर जिले के किसानों को सिंचाई का सीधा लाभ मिलेगा।निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि स्लीमनाबाद बस्ती क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया और किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। सांसद ने जनसुरक्षा को प्राथमिकता देने के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तव, पटेल इंजीनियरिंग के महाप्रबंधक उग्रसेन सिंह तथा सांसद प्रतिनिधि वीरेंद्र द्विवेदी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सांसद को तकनीकी प्रगति से अवगत कराया और तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया।



## कुड़ियाघाट धाम में भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ 14 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

कुड़िया घाट धाम रोहनियां में आगामी 14 जनवरी से संगीतमय श्रीमदभागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। संत सीताराम शरण महाराज के मुखारबिंद से अमृतमयी दिव्यवाणी का मधुर अविरल संगीतमय वाचन किया जाएगा। बड़वारा तहसील अंतर्गत ग्राम रोहनियां के सुप्रसिद्ध कुड़ियाघाट धाम आश्रम में मकर संक्रांति के पावन अवसर पर 14 जनवरी से 21 जनवरी तक विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भक्ति रस की धारा बहेगी। कमेटी के द्वारा दी गई जानकारी अनुसार दोपहर 1 बजे से सायं 4 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। 14 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। श्रीमद भागवत महात्म्य का आयोजन होगा। 15 जनवरी को श्रष्टि क्रम वर्णन, विदुर चरित्र,कपिल संवाद। 16 जनवरी को ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, प्रह्लाद भक्ति। 17 जनवरी को बामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म। 18 जनवरी रविवार को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा। 19 जनवरी सोमवार को रासलीला वर्णन, कंस वध, रुक्मणि विवाह। 20 जनवरी को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम तथा 21 जनवरी बुधवार को पूर्णाहुति, समापन, कन्या भोज एवम भंडारा का आयोजन होगा। क्षेत्र के सभी धर्मप्रिय श्रद्धालुओं से भागवत कथा का श्रवण करने पहुंचने की अपील की गई है।

### 14 जनवरी से रूपनाथ मेला होगा शुरू, पंचायत द्वारा की जा रही तैयारियां

## नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी ने मेला प्रांगण से हटवाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

बहोरीबंद विकासखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल रुपनाथ धाम में 14 जनवरी 2026 मकर संक्रांति से प्रसिद्ध मेला आयोजन शुरू होगा। मेला आयोजन को लेकर ग्राम पंचायत तमुरिया के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है। रुपनाथ मेला सात दिनों तक भरेगा जिसमे दूरदराज से बड़ी संख्या मे लोग मेला देखने पहुचेंगे। सरपंच नरेंद्र सैनी ने बताया कि ग्राम पंचायत तमुरिया मैं प्रसिद्ध रुपनाथ धाम स्थल है।जो आस्था का केंद्र तो है ही साथ पर्यटन के रूप मे विकसित है।

बहोरीबंद से 5 किलोमीटर दूर उक्त स्थल है।मेला को लेकर ग्राम पंचायत के द्वारा तैयारियां की जा रही है। जिसमे मेला स्थल मैं साफ-सफाई, मंदिरों का रंगरोगन किया जा रहा है।साथ ही ग्राम पंचायत के द्वारा रुपनाथ मेला की नीलामी प्रक्रिया भी आज पूर्ण करवाई जाएगी। मेला स्थल मैं व्यवस्था का इंतजाम ग्राम पंचायत के द्वारा किया जाएगा तो सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल भी मौजूद रहेगा।उक्त स्थान पहुँचने के लिए सिहोरा व स्लीमनाबाद से सीधा रास्ता बहोरीबंद आता है।जहां बहोरीबंद से 5 किलोमीटर दूर रुपनाथ धाम मझौली मार्ग पर है जहां बड़ी संख्या मे दूरदराज से लोग मेला का आनंद लेने पहुँचते है।

रुपनाथ मेला में व्यापारियों को अच्छी आमदनी की उम्मीद है।

#### हटवाया कब्जा जिससे मेले में न हो कोई परेशानी

रुपनाथ मेला सुव्यवस्थित तरीके से सफल संचालन हो सके। इसके लिए तहसीलदार नेहा जैन व थाना प्रभारी अखिलेश दाहिया ने गुरुवार को रुपनाथ पहुंचें जहाँ सरपंच नरेंद्र सैनी ने अधिकारियो से मेला स्थल पर फैले अतिक्रमण की समस्या अवगत कराई जिसपर तहसीलदार नेहा जैन व थाना प्रभारी ने जेसीबी से मेला प्रांगण स्थल से अतिक्रमण को हटवाया।

## जैविक खाद एवं कीटनाशक निर्माण का दिया प्रशिक्षण



वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद में विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राचार्य डॉक्टर इंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ मंजू द्विवेदी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा स्नातक स्तर के छात्र–छात्राओं को पाठ्यक्रम के अनुसार जैविक खेती का प्रशिक्षण में विभिन्न जैविक खादों के अंतर्गत गोबर कंपोस्ट खाद नाडेप टांकाखाद के अंतर्गत पक्का नाडेप टटिया नाडेप कच्चा या भू नाडेप केंचुआ खाद हरी खाद जैव उर्वरक बायोगैस स्लरीसींग खाद तथा शीघ्र खाद के अंतर्गत मटका खाद जीवामृत घन जीवामृत बीजामृत तथा संजीवक एवं जैविक कीट नाशकों के अंतर्गत गोमूत्र नीम पत्ती निबोली पांच पत्ती काढ़ा नीमस्त्र आग्नेयास्त्र ब्रह्मास्त्र की विस्तृत जानकारी दी गई। जैविक खेती टिकाऊ खेती तथा जैविक कृषि कार्यक्रम के उद्देश्य के अंतर्गत उत्तम गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों का अधिक मात्रा में उत्पादन करना प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग पौधों एवं जंतुओं का उपयोग कर जैव की चक्र को गति प्रदान करना मृदा की दीर्घकालीन उर्वरता बनाए रखना कृषि तकनीक से होने वाले सभी प्रदूषणों से बचाव कृषकों को सुरक्षित वातावरण के साथ–साथ अधिकतम उत्पादन द्वारा संतुष्टि आदि के विषय में बतलाया गया।

### कलेक्टर द्वारा की जा रही ई-केवाईसी कार्य की सतत समीक्षा

## जिले के 11 लाख 94 हजार से अधिक नागरिकों की हुई समग्र ई-केवाईसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 11 लाख 94 हजार 496 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 88.48 फीसदी है।

#### नगर परिषद कैमोर अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में नगर परिषद कैमोर जिले में अव्वल है। जहां अब तक 13 हजार 758 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि जनपद पंचायत बड़वारा अंतिम पायदान पर है। यहां अब तक 1 लाख 89 हजार 490 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य ही पूरा हो सका है।

इसी प्रकार नगर परिषद विजयराघवगढ़ में अब तक 7 हजार 951, नगर परिषद बरही में 12 हजार 858 लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि जनपद पंचायत बहोरीबंद मे 1 लाख 93 हजार 957 और जनपद पंचायत कटनी में 1 लाख 41 हजार 46, नगर निगम कटनी में 1 लाख 62 हजार 960, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 77 हजार 11, जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 22 हजार 218 और जनपद पंचायत ढ़ीमरखेड़ा में 1 लाख 73 हजार 247 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है।

जिले के नागरिकों के लिए समग्र आईडी का आधार से ई-केवाईसी का कार्य एमपी ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, सीएससी, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

### पूर्व आर्म्स डीलर के प्रतिष्ठान में संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण

**कटनी।** शहर के पूर्व आर्म्स डीलर नाजिम खान के प्रतिष्ठान पर एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी और सीएसपी नेहा पचीसिया की संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीम ने प्रतिष्ठान में मौजूद हथियारों, कारतूसों और उनसे संबंधित सभी दस्तावेजों का बारीकी से मिलान किया। अधिकारियों के अनुसार, भौतिक सत्यापन के दौरान स्टॉक और रजिस्टरों में कोई विसंगति नहीं पाई गई। सभी रिकॉर्ड पूर्व की जांचों की तरह पूरी तरह सही और दुरुस्त पाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नाजिम खान ने कई साल पहले ही अपनी डीलरशिप सरेंडर करने की इच्छा जताते हुए राज्य सरकार और जिला प्रशासन को इसकी विधिवत सूचना दे दी थी। एसडीएम प्रमोद चतुर्वेदी और सीएसपी नेहा पचीसिया इस निरीक्षण की विस्तृत रिपोर्ट जिला कलेक्टर को सौंपेंगे। रिपोर्ट मिलने के बाद, आर्म्स डीलर नाजिम खान के लाइसेंस सरेंडर करने की प्रक्रिया को प्रशासनिक विधि के अनुसार आगे बढ़ाया जाएगा।

## घुघरी घाट में अवैध रेत उत्खनन में नाबालिगों से करा रहे मजदूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

घुघरी घाट से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से रेत निकाले जाने का गंभीर मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि इस अवैध रेत उत्खनन में नाबालिग बच्चों से भी काम कराया जा रहा है। वहीं कई महिलाएं भी दिनभर नदी घाट पर रेत निकालने को मजबूर दिखाई दे रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार घाट पर न तो किसी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था है और न ही बाल श्रम रोकने के लिए कोई निगरानी । नाबालिग बच्चों से रेत ढुलवाना कानूनन अपराध होने के बावजूद जिम्मेदार विभागों के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई और भविष्य दोनों खतरे में पड़ते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि अवैध रेत कारोबारियों को राजनीतिक व प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। खनिज विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की चुप्पी पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि घुघरी घाट पर तत्काल छापेमारी कर अवैध रेत उत्खनन रोका जाए, नाबालिग बच्चों से कराए जा रहे श्रम पर सख्त कार्रवाई हो और दोषियों पर कानूनी कदम उठाए जाएं।

#### इनका कहना हैं

इस संबंध में खनिज विभाग अधिकारी रत्नेश दीक्षित का कहना है कि जहां भी अवैध रेत उत्खनन चालू हैं उस पर कार्यवाही की जाएगी। फील्ड अधिकारी हैं उसको मौके पर भेजा जायेगा।

### जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 13 जनवरी को करेंगे पहली जन सुनवाई

## कलेक्टर अब जनपद पंचायत स्तर पर पहुंच कर सुनेंगे जनता की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की सतत समीक्षा तथा आमजन की समस्याओं की जनसुनवाई एवं उनसे संवाद के लिये कलेक्टर आशीष तिवारी ने अभिनव पहल की है।

कलेक्टर जनपद स्तरीय जनसुनवाई के माध्यम से आमजन के बीच शिरकत करेंगे और आमजन की शिकायतों का निराकरण करेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी ने इस जनसुनवाई कार्यक्रम के आयोजन के लिये संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन्वय अधिकारी जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

#### इन तिथियों को होगी जनसुनवाई

जारी कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार 13 जनवरी को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में, मंगलवार 20 जनवरी को जनपद पंचायत बहोरीबंद में, मंगलवार 27 जनवरी को जनपद पंचायत रीठी में, मंगलवार 3 फरवरी को जनपद पंचायत बड़वारा में और मंगलवार 10 फरवरी को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक जनपद स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की जायेगी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि इस जनसुनवाई के साथ-साथ जिला स्तर से चयनित आवेदन, शिकायतों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, सीएमहेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय की लंबित आवेदन, शिकायतों का रैंडमली चयन किया जाकर सुनवाई की जावेगी। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि तय दिवसों में किसी भी स्थिति में समक्ष में अनुमति लिये बिना जनसुनवाई कार्यक्रम से कोई भी जिला अधिकारी अनुपस्थित नहीं रहेंगें।

कलेक्टर ने जनसुनवाई में समस्त जिला प्रमुखों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, तहसीलदार, थाना प्रभारी, वन क्षेत्रपाल एवं समस्त विकासखण्ड अधिकारी तथा अन्य को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### ठंड से राहत दिलाने की गई अलाव की व्यवस्था

कटनी। कटनी नगर में वर्तमान में पड़ रही शीतलहर से नागरिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा नगर के विभिन्न प्वाइंटों, प्रमुख स्थलों सहित तिराहों एवं चौराहों में अलाव की व्यवस्था दुरूस्त कर दी गई है, ताकि जरूरतमंद बेसहारा एवं राहगीरों को राहत मिल सके।

अलाव व्यवस्था प्रभारी संजय सोनी ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के मद्देनजर बुधवार रात्रि माधवनगर स्थित हनुमान मंदिर, बरगवां खान टी स्टाल के पास, बस स्टैंड रैन बसेरा, गल्ला मंडी गेट नंबर 2, चंडिका नगर मंदिर के पास, जगन्नाथ स्वामी मंदिर जगन्नाथ तिराहा, सरस्वती स्कूल के पास, जिला चिकित्सालय, अंजुमन इस्लामिया स्कूल के सामने, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड फायर बिग्रेड कार्यालय, सिविल लाईन, कमानिया गेट हनुमान मंदिर के पास, रेल्वे स्टेशन ऑटो स्टैंड के पास सहित नगर के अन्य स्थलों में अलाव व्यवस्था हेतु जलाऊ लकड़ियों की व्यवस्था कराई गई।

ठंड में जरूरतमंद नागरिकों को निशुल्क रात्रिगुजर की समुचित व्यवस्था हेतु बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में भी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखा जाकर नागरिकों को रैन बसेरा तक सुरक्षित पहुंचाने हेतु निगम प्रशासन का रैन बसेरा वाहन भी रात्रिकालीन नगर भ्रमण कर जरूरतमंद नागरिकों को रैन बसेरा तक निःशुल्क पहुंचाया जा रहा है।

### अमकुही पहाड़ी व सुरम्य पार्क में पुलिस की गश्त

**कटनी।** महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर के नेतृत्व में निर्भया पेट्रोलिंग के तहत अमकुही पहाड़ी एवं सुरम्य पार्क क्षेत्र में सघन गश्त की गई। पेट्रोलिंग के दौरान मौके पर मौजूद असामाजिक तत्वों को रोककर समझाइश दी गई और उन्हें सार्वजनिक स्थलों पर अनुशासन बनाए रखने तथा महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने चेतावनी दी कि महिला सुरक्षा से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनुचित आचरण पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सदगुरू साई अनुशासन महाविद्यालय, कटनी**

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संबद्ध (मध्यप्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त)

सहायक प्राध्यापक हेतु आवेदन आमंत्रित महाविद्यालय में कोड–28 के अंतर्गत निम्न विषयों में सहायक प्राध्यापक की

**आवश्यकता है**

| क्र. | विषय | योग्यता | संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र | संबंधित विषय से नेट / पीएचडी एवं स्नातकोत्तर | प्रत्येक विषय हेतु एक पद |
| 2 | कॉमर्स, कम्प्यूटर एप्लीकेशन | संबंधित विषय से नेट / पीएचडी एवं स्नातकोत्तर | प्रत्येक विषय हेतु एक पद |

इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपना बायोडाटा, समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति सहित आवेदन इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर महाविद्यालय कार्यालय में प्रस्तुत करें अथवा ई-मेल द्वारा भेजें।

ई-मेल: anushshanil2022@gmail.com

पता: सद्गुरु सांई अनुशासन महाविद्यालय, कैमोरी कटनी ( मोबाइल: 8959131315 )

**खबर संक्षेप**

## सामूहिक विवाह योजना के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि

**कटनी।** नगर निगम कटनी द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के अंतर्गत शुक्रवार 23 जनवरी 2026 को सामूहिक विवाह, निकाह का आयोजन किया जा रहा है। योजना के तहत गरीबी रेखा के अंतर्गत पंजीकृत हितग्राही 9 जनवरी 2026 तक अपना आवेदन कर सकते है। नगर निगम के नोडल अधिकारी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सनद विश्वकर्मा ने बताया कि योजनान्तर्गत वधु को 49 हजार रुपये सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर किए जायेंगे तथा राशि 6 हजार रुपये प्रति जोडों के मान से आयोजनकर्ता निकाय को दी जाएगी। सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने हेतु इच्छुक आवेदक वर तथा कन्या की तीन फोटो, वर एवं कन्या का आधार कार्ड की छायाप्रति, गरीबी रेखा राशन कार्ड की छायाप्रति, कन्या के बैंक खाता की छायाप्रति, कन्या का मूल निवासी प्रमाण पत्र, वर एवं कन्या का समग्र परिवार आई.डी ई-के.वाई.सी सहित, जन्मतिथि संबंधी दस्तावेज वर एवं कन्या की वोटर आईडी के साथ आवेदन निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 66 में जमा कर सकते है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु कन्या का नगर निगम कटनी सीमा का मूल निवासी होने के साथ ही कन्या की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष तथा वर की न्यूनतम उम्र 21 वर्ष होना आवश्यक है।

## नन्हवारा खुर्द में श्रमदान से किया गया बोरी बंधान

**कटनी।** जल संचय अभियान के अंतर्गत विकासखंड बड़वारा के बसाड़ी सेक्टर क्रमांक 04 के ग्राम नन्हवारा खुर्द में नवीन गठित प्रस्फुटन समिति के सदस्यों की सहभागिता व नवांकुर संस्था प्रमुख हरभगत सिंह के सहयोग से 65 बोरियों का बोरी बंधान कार्य किया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केसवाल के दिशा-निर्देशन एवं ब्लॉक समन्वयक नंदिनी वाटिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय पर हुई कार्यवाही

**कटनी।** जिले में अवैध मदिरा निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर रोक लगाये जाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा वृत्त स्लीमनाबाद प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार के नेतृत्व में वृत्त अंतर्गत ग्राम देवरी, बूदनवारा, ककरहटा, भगनवारा, रूपनाथ, कौंडिया में दबिश दी गई। जिला आबकारी अधिकारी सुश्री विभा मरकाम ने बताया कि दबिश के दौरान 31 पाव देशी मदिरा मसाला, 59 पाव देशी मदिरा प्लेन जब्त की गई है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 8 हजार रुपये आंकी गई है । इस कार्यवाही में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं 36 (क) के तहत कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। कार्यवाही में वृत्त स्लीमनाबाद के आबकारी आरक्षक राजेश गौंटिया भी मौजूद रहे।

## प्रस्फुटन समितियों की सेक्टर स्तरीय बैठक का हुआ आयोजन

**कटनी।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा चयनित तेवरी सेक्टर के नवांकुर संस्था युवा जन सेवा समिति के सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया द्वारा सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रस्फुटन ग्राम अमोच, लिंगरी, संसारपुर, सलैया प्यासी, टिकरिया समितियों की उपस्थिति रही। बैठक में ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह ने समग्र ग्राम विकास की प्रोफाइल, जन जागरूकता शिविर, संस्कार केन्द्र, वाचनालय, प्लास्टिक मुक्त ग्राम तथा जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान सहित समितियों को आवश्यक जानकारी एवं दिशा-निर्देश दिए। जबकि परामर्शदाता विनोद सिंह द्वारा समितियों से आवश्यक दस्तावेजों तथा सीएमसीएलडीपी छात्रों को असाइनमेंट आदि के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। वहीं संस्था के अध्यक्ष पूर्व सैनिक बसंत जायसवाल द्वारा संस्था द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। इसके अलावा सेक्टर प्रभारी रविन्द्रनाथ झारिया द्वारा अपने सेक्टर की कार्ययोजना की समितियों को जानकारी दी गई।

### जिला उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को किया निर्देशित

# अंतिम दौर: धान उपार्जन क्रेन्द्रों में रखें कड़ी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्देशित किया है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के अंतिम दौर में भी पूरा अमला पूरी सक्रियता से खरीदी केन्द्रों पर कड़ी नजर रखें। नियमित तौर पर निगरानी रखें और यह सुनिश्चित करें कि व्यापारियों और बिचौलियों की धान केन्द्रों तक न पहुंचे। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह निर्देश गुरूवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक में उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी को समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस वर्ष अभी तक 50 हजार 190 किसानों से 4 लाख 15 हजार 999 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जो कि पिछले साल के किसानों की संख्या और उपार्जित धान की मात्रा से अधिक है। पिछले साल की तुलना में इस साल अब तक 101.01 फीसदी खरीदी हो चुकी है। बताया गया कि पिछले साल 49 हजार 829 किसानों से 4 लाख 11 हजार 837 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया था। जिले में 2369 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 89 खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन किया जा रहा है। उपार्जित धान के विरूद्ध किसानों को अब तक 621.85 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है।



जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 10172 किसानों से 85 हजार 888 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 9087 किसानों से 64 हजार 346 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार रीठी तहसील में अब तक 5659 किसानों से 53 हजार 367 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि बड़वारा तहसील में 6900 कृषकों से 50 हजार 476 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 5876 किसानों से 48 हजार 213 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 4814 किसानों से 42 हजार 406 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 3704 किसानों से 33 हजार 731 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 2299 किसानों से 23 हजार 638 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 1679 किसानों से 13 हजार 933 मीट्रिक टन तथा धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## नियमों के उल्लंघन पर राशन दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित

शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराकला के विक्रेता अनिरुद्ध सिंह के द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 के उल्लंघन पर एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराकला को जारी दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रीठी के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के बाद की गई है।

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बकलेहटा द्वारा संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराकला (4204016) के विक्रेता अनिरुद्ध सिह के द्वारा म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश, 2015 की कंडिका 10 (3), 11 (1), 11 (2), 11 (3), 11 (8), 11 (10) एवं 13(2) के उल्लंघन पर एसडीएम कटनी द्वारा अनिरुद्ध सिंह को 7 नवंबर 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। परंतु, विक्रेता द्वारा प्रस्तुत कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

इसके बाद एसडीएम श्री चतुर्वेदी ने शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराकला के खाद्यान्न वितरण को दृष्टिगत रखते हुये शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराकला को जारी दुकान आवंटन प्राधिकार पत्र आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया तथा शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराकला में संलग्न हितग्राहियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये राशन दुकान तिघराकला को बकलेहटा की शासकीय उचित मूल्य दुकान (4204013) में अन्य आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से संलग्न कर दिया है। स्थानीय हितग्राहियों की सुविधा हेतु म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 तथा समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान बकलेहटा के विक्रेता/प्रबंधक को आदेशित किया गया है कि वे शासकीय उचित मूल्य दुकान तिघराकला का संचालन ग्राम पंचायत तिघराकला में ही करेंगे। एसडीएम ने विक्रेता अनिरुद्ध सिंह को आदेशित किया है कि पीओएस मशीन में दर्ज मात्रा अनुसार खाद्यान्न का प्रभार एवं खाद्यान्न प्रबंधक/विक्रेता शासकीय उचित मूल्य दुकान बकलेहटा को देना सुनिश्चित करें।

## वन स्टॉप सेंटर के प्रयासों से फिर से एक हुआ परिवार

**कटनी।** वन स्टॉप सेंटर के प्रयास से एक परिवार फिर से एक हो गया। ग्राम बाँध विकासखंड ढीमरखेड़ा निवासी महिला ने घरेलू विवादों से परेशान होकर अपने दो बच्चों, तीन वर्ष की बेटी एवं दो माह के बेटे के साथ घर छोड़ने का निर्णय लिया एवं वे कटनी पहुंची। महिला द्वारा सहायता हेतु वन स्टॉप सेंटर कटनी में सम्पर्क कर अपनी समस्या रखी गई। वन स्टॉप सेंटर द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से महिला एवं उनके बच्चों को तत्काल रेस्क्यू कर सेंटर में अस्थाई आश्रय प्रदाय किया गया। प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, कटनी द्वारा महिला की समस्या को धैर्यपूर्वक सुना गया एवं उनके घर पर भी सम्पर्क किया गया। महिला के पति से चर्चा करने पर उन्होंने स्वास्थ्य सम्बन्धी कारणों से सेंटर तक पहुंचने में असमर्थता व्यक्त की गई। तदुपरांत महिला की सहमति से प्रशासक द्वारा महिला के घर जाकर उन्हें एवं उनके पति को परामर्श प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया गया। वन स्टॉप सेंटर की टीम महिला एवं उनके बच्चो को लेकर उनके घर पहुंची जहां महिला एवं उनके पति को परामर्श दिया गया कि वे आपसी समन्वय से समस्याओं का समाधान करें एवं एक दूसरे को सम्मान दें। महिला एवं उनके पति द्वारा प्रदाय परामर्श पर सहमति व्यक्त की गई। अब दोनों अपने बच्चों के एक साथ रह रहे हैं।

### महापौर ने कहा विकास कार्यों से नागरिकों की परेशानी होगी समाप्त

# 16 लाख रुपये से अधिक के निर्माण कार्यों का का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर के जगमोहन दास वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में गुरुवार को 16 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम महापौर श्रीमती सूरी क्षेत्रीय पार्षद मेयर इन काउंसिल सदस्य जयनारायण निषाद की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ, जिसमें नगर निगम के अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

प्रस्तावित निर्माण कार्यों के अंतर्गत वार्ड क्षेत्र में नाली एवं जल निकासी से संबंधित कार्य कराए जाएंगे, जिससे वर्षा ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाली जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य एवं स्थानीय पार्षद गोविंद चावला,पार्षद शकुंतला सोनी,सीमा श्रीवास्तव,पूर्व पार्षद पार्वती निषाद,डब्बू रजक,की उपस्थिति रही।



महापौर श्रीमती सूरी ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं। नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना निगम प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि नाली निर्माण होने से जल निकासी व्यवस्था के सुदृढ़ होने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि वार्ड की सफाई व्यवस्था को भी नया आयाम मिलने से जन स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। कार्यक्रम में नागरिकों ने विकास कार्यों के लिए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी सहित सभी जनप्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ से भव्य स्वागत कर नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ग्राम चौपाल में शराब की अवैध बिक्री बंद कराने मांग



सिलौड़ी चौकी प्रभारी अनिल पाण्डेय के नेतृत्व में ग्राम बड़ा कछारगांव स्थित बघराजी रोड पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच कैलाश चंद्र जैन, ओंकार उपाध्याय, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शैलेश जैन सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने अवैध शराब दुकान बंद कराने की मांग किया ।चौकी प्रभारी ने सभी अवैध शराब दुकान बंद कराने का वादा किया है। इस अवसर पर चौकी प्रभारी अनिल पाण्डेय द्वारा आम नागरिकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक उपायों, कानून–व्यवस्था, अपराध से बचाव, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा, यातायात नियमों तथा पुलिस से सहयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से सुझाव एवं समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके निराकरण का आश्वासन दिया गया। चौपाल का उद्देश्य पुलिस एवं जनता के बीच समन्वय और विश्वास को मजबूत करना रहा। ग्राम चौपाल में सिलौड़ी चौकी से आरक्षक अतुल शर्मा,राम सेवक विश्वकर्मा ,धर्मवीर आदि रहे

# राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर ने संगठन को मजबूत करने कार्यकर्ताओं को दिया मंत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर का गुरुवार को कटनी प्रवास हुआ। कटनी आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने पार्टी की ओर से डॉ. गुर्जर की भव्य अगवानी की। इसके बाद डॉ. अलका गुर्जर ने मंडल में आयोजित शक्तिकेन्द्र संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक को संबोधित करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत आने वाले बूथ अध्यक्ष एवं शक्तिकेन्द्र संयोजकों की बैठक में डॉ. गुर्जर ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को उनके दायित्व का बोध कराते हुए जनता और संगठन के बीच सेतु बनकर कार्य करने की बात कही। साथ ही चल रहे SIR अभियान में पूरी सजगता के साथ पात्र और अपात्र मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर सहयोग करने का आग्रह किया।



विधायक संदीप जायसवाल ने कहा कि डॉ. अलका गुर्जर का मार्गदर्शन सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है और उनका सानिध्य संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करता है। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टण्डन ने कहा कि राष्ट्रीय मंत्री का बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद भाजपा संगठन की शक्ति और खूबसूरती को दर्शाता है।

मंचासीन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी ने भी अपने आशीर्वचन में कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

### पेयजल सप्लाई की अधिकारियों द्वारा की जा रही मॉनीटरिंग

# वाटर रिसोर्स नियमित हो रही जांच, पानी टेस्टिंग हेतु नमूने रोजाना भेजे जा रहे लैब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करानें की दिशा में कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगम प्रशासन द्वारा विभिन्न माध्यमों, ट्यूब वैल, पानी की टंकी, ओवर हैड टैंक से नागरिकों को प्रदान किए जाने वाले पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग की जाकर पूर्ण रूप से शुद्ध एवं सुरक्षित आपूर्ति हेतु पूरी सतर्कता एवं गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की जल जनित बीमारियों की संभावना निर्मित न हो।

**वृहद स्तर पर हो रही कार्यवाही**

प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा नें बताया कि निगम की जल प्रदाय विभाग एवं तकनीकी अमले द्वारा रोजाना पेयजल आपूर्ति के दौरान उपभोक्ता के नल कनेक्शन से पानी के सैंपल लेकर जांच हेतु दैनिक रूप से प्रयोगशाला भेजे जा रहे है। वहीं नागरिकों की पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण हेतु हेल्पलाइन नंबर 9351136230 भी जारी किया गया है। जल शोधन संयंत्र के विभिन्न घटकों, उच्च स्तरीय टंकियों, सम्पवेल एवं नलकूप स्त्रोत होने की स्थिति में नलकूप के आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाकर ट्रीटमेंट प्लांट, नलकूपों में क्लोरीन एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव नियमित रूप से किया जा रहा है। निगम प्रशासन के माध्यम से होने वाली जलापूर्ति की गुणवत्ता के खराब होने के संबंध में प्राप्त किसी भी माध्यम से प्राप्त शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। विगत दिवस रामकृष्ण परमहंस वार्ड में दूषित पानी के एकत्रित होने संबंधी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा जल प्रदाय एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### इन स्थलों से लिए गए सैंपल

शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर गुरुवार प्रातः पेयजल सप्लाई की जांच के दौरान बाल गंगाधर तिलक वार्ड इंदिरा नगर, बिरसा मुंडा वार्ड, संत कंवर राम वार्ड मानसरोवर पानी की टंकी, बाबा नारायण शाह वार्ड काली माता मंदिर मार्ग, आचार्य कृपलानी वार्ड ओवरहेड टैंक -1, 2 एवं 3, हाउसिंग बोर्ड, मदन मोहन चौबे वार्ड डनहिल टैंक, निषाद स्कूल टंकी हेतु शास्त्री कॉलोनी एवं नरेन्द्र मार्ग, सिविल लाइन, सिटी सप्लाई लाबेला चौक, सिविल लाइन, बाबू जगजीवन राम वार्ड, जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती, फारेस्टर वार्ड बाल मंदिर, विवेकानंद वार्ड टिकरिया सप्लाई और नयागांव लखेरा तथा अमीरगंज नई पानी की टंकी खेर माई मंदिर सहित नगर के अन्य स्थलों निरीक्षण के दौरान नागरिकों से संवाद कर पेयजल आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लिये जानें पर नागरिकों द्वारा पेयजल गुणवत्ता के संबंध में संतुष्टि जाहिर की गई।

इस दौरान 16 स्थलों से पानी के सेंपल लिए जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।

### कुष्ठ रोग को लेकर समाज में फैली हैं तरह तरह की भ्रांतियां

# अन्य बीमारियों की तरह ही सामान्य और उपचार योग्य है कुष्ठ रोग- सीएमएचओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुष्ठ रोग के संबंध में समाज में व्याप्त भ्रान्तियों को दूर करने के लिये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. राज सिंह ठाकुर ने कुष्ठ रोग को अन्य जीवाणुजनित बीमारियों की तरह ही एक साधारण बीमारी बताया है। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग पूरी तरह से उपचार योग्य है और समय पर इलाज लेने से किसी भी प्रकार की विकृति आने की संभावना समाप्त हो जाती है।

**चमड़ी पर होने वाला सफ़ेद या दुधिया दाग कुष्ठ रोग नहीं है। यह मेलानिन पिगमेंट की कमी**

सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने स्पष्ट किया कि चमड़ी पर होने वाला सफ़ेद या दुधिया दाग कुष्ठ रोग नहीं है। यह मेलानिन पिगमेंट की कमी की बजह से होता है। जिसमें चमड़ी में रंग बनाने की प्रक्रिया प्रभावित होती है। डॉ. ठाकुर ने आमजन से अपील की है कि यदि आपके परिवार में उपरोक्त लक्षण मिलते हैं तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल जाँच व उपचार करायें। समय पर पूर्ण उपचार लेने से विकृति आने की सम्भावनायें नहीं रहती। यह बीमारी पूर्णतः ठीक हो जाती है। कोई भी मरीज इलाज से बंचित न रहे यह हम सबका दायित्व है। इस बीमारी के प्रति सकारात्मक रुख अपनाकर बीमारी को अपने जिले से मुक्त किया जा सकता है।

### पहचान है आसान

सीएमएचओ डॉ. ठाकुर ने बताया कि कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्री नामक जीवाणु के द्वारा होता है। यह मुख्यतः चमड़ी और तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। कुष्ठ रोग की पहचान एकदम आसान है। इसके चमड़ी के रंग से फीके, लाल, गुलाबी, दाग व धब्बे जो समतल भी हो सकते है और उभरे हुए भी हो सकते हैं। खास बात यह है कि इन दागों में दर्द व खुजली नहीं होती है। उन दागो में सुन्नपन रहता है। अर्थात उन दागों में कोई चीज चुभाने से दर्द नहीं होता, ठण्डे व गर्म का पता नहीं चलता, चेहरे पर लालिमा सूजन, तेलिया तामिया चमक, कान चेहरे व शरीर पर दर्द रहित गठाने इसके अलावा हाथ पैरो में झुनझुनी, सुन्नपन, सुखापन व सतही तंत्रिकाओ में सूजन, मोटापन और टटोलने से दर्द होता हो, ये कुष्ठ के लक्षण है। साथ ही शरीर के किसी भाग में सूजन सा हो, उसमे पसीना न आता हो, चमड़ी पर फफोले आ जावे और पता ना चलता हो यह भी कुष्ठ के लक्षण हो सकते हैं।

### कुष्ठ रोग होने पर ये लक्षण हो सकते हैं

कई बार हमारी मातायें खाना बनाती हैं और खाना बनाते समय उनके हाथो में फफोले आ जाते हैं और पता ना चलता हो यह भी कुष्ठ के लक्षण हो सकते हैं। पैर के तलवे में घाव हो जावे और वह भरता न हो यह कुष्ठ और सुगर दोनों बीमारी का लक्षण हो हो सकता है।

हमारे हाथों की उंगलियों की पकड़ कमजोर हो जावे, हम कोई वस्तु पकड़ न पाये, हम अपने शर्ट की बटन न लगा पाये व महिलाये अपने कपड़े का हुक न लगा पाये यह भी कुष्ठ का लक्षण हो सकता है।

कई बार हाथ की कलाई व पैर का पंजा अचानक झूल जावे जिसे रिस्ट ड्राप व फुट ड्राप कहते है, कभी-कभी चलते-चलते पैरों की चप्पल निकल जाये और पता न चलता हो, दर्द भरी गठानो के साथ बुखार आ जावे, जोड़ो में दर्द की शिकायत हो, हमारी गर्भवती माताओं के साथ प्रसव के बाद एकाएक दाग धब्बे निकल आये, आँखों की पलकें बंद न होती हो, दर्द भरी गठानो के साथ बुखार हो, चेहरे पर सूजन व बुखार आ जावे, शरीर में भोथरापन व सुन्नपन सा लगे लेकिन कभी-कभी झुनझुनी, भौंह के बाल झड़ना आदि ये कुष्ठ के लक्षण हो सकते है। इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें।

# किसान भाई अब 15 जनवरी तक करा सकेंगे रबी फसलों का बीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रबी विपणन वर्ष 2025-26 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराने हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 15 जनवरी तक बढ़ा दी गई है। उप संचालक, किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया कि रबी मौसम में सभी अनाज, दलहन, तिलहन फसल हेतु बीमित राशि का अधिकतम 1.5 प्रतिशत मात्र प्रीमियम कृषक भाईयों द्वारा देय है।

ऋणी कृषकों ने जिस बैंक से फसल ऋण लिया है वह उस बैंक में अपना बीमा करवायें। जबकि अऋणी कृषक, 15 जनवरी तक किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण प्रदायकर्ता बैंको, सहकारी समितियों तथा अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केंन्द्र (सीएससी), ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केंन्द्र के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। बीमा कराने के लिए कृषकों को घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर इसका शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र लेकर जाना होगा। बीमा योजना रबी वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को सिंचित गेहूं हेतु 36 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 545.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा। जबकि असिंचित गेहूँ हेतु 26 हजार 250 रूपये की बीमित राशि हेतु 393.75 रूपये, चना हेतु 38 हजार 850 रूपये की बीमित राशि हेतु 582.75 रूपये, मसूर हेतु 28 हजार 350 रूपये की बीमित राशि हेतु 425.25 रूपये, राई व सरसों हेतु बीमित राशि 26 हजार 850 रूपये हेतु 402.75 रूपये एवं अलसी हेतु बीमित राशि 20950 रूपये हेतु 314.25 रूपये का प्रीमियम देना होगा।

## खबर संक्षेप

### श्रेष्ठ जैन ने 18 वर्ष पूर्ण होने पर किया रक्तदान

दमोह। श्रेष्ठ जैन पिता श्रवण जैन चाचा दीपक जैन ने अपना 18 वां जन्मदिन जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के पहुंचकर रक्तदान करके मनाया श्रेष्ठ ने कहा कि मेरे चाचा हर तीन माह में रक्तदान करते हैं। उन्हीं को देखकर मेरे मन में भी यही इच्छा थी की जब मैं 18 वर्ष की उम्र हो जाऊंगा रक्तदान करने के लिए लायक हो जाऊंगा तो मैं सबसे प्रथम काम रक्तदान का करूंगा और किसी जरूरतमंद की मदद में निमित बनेगा। मैंने रक्तदान की शुरुआत कर दी है और आगे भी मैं निरंतर रक्तदान करता रहूंगा। आज मुझे रक्तदान करके बहुत अच्छा लग रहा है। जैसे 18 वर्ष की उम्र की होते ही देश के लिए मतदान आवश्यक है। जरूरी है उसी प्रकार समाज के लिए रक्तदान आवश्यक है जब भी मौका मिले रक्तदान जरूर करें। आज के रक्तदान में विपुल जैन शुभम जैन सिद्धांत जैन दीपक जैन ए प्लस की उपस्थिति रही। एवं ब्लड बैंक से प्रीति गुप्ता मैडम एवं संजय प्यासी उपस्थित रहे।

### अखण्ड हरि सर्कीतन का आयोजन आज से

दमोह। श्रीराम महायज्ञ की 23 वीं वर्षगांठ पर श्री 1008 श्री सिद्धेश्वर धाम हथना के पास 9 जनवरी 2026 से 15 जनवरी 2026 तक अखण्ड हरि सर्कीतन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी भक्तों से पधारकर अखण्ड हरि सर्कीतन में भाग लेकर धर्मलाभ उठायें भक्तों को रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था श्रीराम महायज्ञ कमेटी गुजावन आश्रम द्वारा की गई है।

### परीक्षा के लिए बनाए गए हैं 48 परीक्षा केन्द्र

पन्ना। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की शैक्षणिक सत्र 2025-26 की हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल की परीक्षाएं क्रमशः 7 एवं 11 फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए पन्ना जिले में कुल 48 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा के लिए पन्ना के शासकीय मनहर कन्या उ.मा. विद्यालय, शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय क्रमांक 01, शासकीय आर.पी. उ.मा. विद्यालय क्रमांक 02, शासकीय मॉडल उ.मा. विद्यालय एवं नेशनल पब्लिक उ.मा. विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

**दो-दो मुख्यमंत्री की घोषणा आज तक नहीं हुई पूरी**

# जबेरा नगर का एक ही नारा नगर परिषद हो ग्राम हमारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

इस समय जबेरा नगर की प्रत्येक गली मोहल्ले एवं चौराहे से एक ही एक ही मांग उठ रही है कि इस नगर का विकास कब होगा? वर्तमान परिवेश में जबेरा नगर के आसपास के जितने भी ग्राम है उन सभी में काफी विकास हुआ है, परंतु विधानसभा का मुख्य ग्राम जबेरा आज भी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है यदि छोटे-मोटे कार्य छोड़ दिए जाएं तो यह ग्राम आज भी उसी स्थिति में है। जैसा की 40 वर्ष पूर्व में था यह इस नगर का दुर्भाग्य ही है की आज तक इस ग्राम से किसी भी व्यक्ति को किसी भी राजनीतिक दल के द्वारा विधायक या सांसद का प्रत्याशी नहीं बनाया गया। शायद यह भी एक बड़ी वजह है इस ग्राम का विकास न होने की। यही कारण है कि विधानसभा क्षेत्र भी इसी ग्राम के नाम से है तथा दमोह जिले की मुख्य तहसील भी यही ग्राम है। परंतु दो-दो मुख्यमंत्री के द्वारा इस नगर को नगर परिषद बनाने की घोषणा करने के बावजूद आज दिनांक तक ना ही पूर्व एवं ना ही वर्तमान मुख्यमंत्री की घोषणा को अमली जामा पहनाया जा सका। नगर पंचायत बनाने हेतु ग्राम वासियों ने कई बार अधिकारियों को ज्ञापन दिए गए हैं। अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्रीय विधायक मंत्री महोदय एवं सांसद जी को ज्ञापन देकर के समय-समय पर नगर पंचायत हेतु ज्ञापन सौंपे जाते हैं। परंतु आज दिनांक तक प्रशासन की तरफ से ऐसा कोई कार्य या आदेश प्रसारित नहीं हुआ जिससे यह समझा जावे की पूर्व या वर्तमान मुख्यमंत्री की घोषणा पूर्ण की जावेगी। ग्रामके बुद्धि जीवियों का कहना है कि घोषणाएं तो कई बार हो चुकी हैं लेकिन यह घोषणाएं वास्तविक रूप कब लेगी इस संबंध में कोई भी कुछ भी नहीं बता पा रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि अगर शीघ्र ही जबेरा नगर को नगर परिषद बनाने की कार्यवाही प्रारंभ नहीं की जाती है तो निकट भविष्य में समस्त ग्राम वासियों को आंदोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा।

# 600 बच्चों को नवाचार शिक्षा मुहैया कराएगी जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद

ज्ञानोदय प्रोजेक्ट योजना के अंतर्गत गैसावाद जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के 600 छात्रों को नवाचार शिक्षा से लाभान्वित किया जाएगा इस योजना का उद्घाटन विगत 16 दिसंबर 2025 को जेएसडब्ल्यू कंपनी के सीएसआर प्रबंधक अमित कुमार द्वारा किया गया प्रोजेक्ट ज्ञानोदय का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में समझ के साथ साथ पढ़ने लिखने की एक मजबूत कड़ी से जोड़ना एवं छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छा प्लेटफार्म मुहैया कराना है। कार्यक्रम के प्रथम कड़ी में 600 बच्चों को सम्मिलित किया गया है जिसमें गैसाबाद की प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ग्राम कचनारी ग्राम देवरी और ग्राम कोलकरैया की शालाओ को चयनित किया गया है माध्यमिक शाला गैसाबाद से शुरुआत की गई इस योजना के उद्घाटन कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेम जेएसडब्ल्यू सीमेंट फैक्ट्री की तरफ से देवेंद्र शर्मा प्रधान अध्यापक रामस्वरूप चौरसिया सरपंच प्रतिनिधि विनोद अहिरवार पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर दहिया सहित ग्रामीण जन एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

राहुल वर्मा असिस्टेंट मैनेजर जेएसडब्ल्यू सीमेंट कंपनी गैसाबाद ने कंपनी द्वारा समय-समय पर जनहित के कार्य किए जाते हैं जैसे गांव-गांव में सौर ऊर्जा लाइटों का लगाया जाना, छात्रों को स्कूल बैग का वितरण करना, आंखों की निशुल्क जांच के लिए शिविर आयोजित करना, एवं शासकीय स्कूलों का रंग रोगन करना आदि।

# राज्यमंत्री श्री लोधी ने सुनी समस्याए, अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश



दमोह। प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी आज सायं जबेरा विधानसभा क्षेत्र सहित विभिन्न स्थानों से पधारे नागरिको से सौजन्य भेंट की। इस दौरान उन्होंने आमजन की विभिन्न जनसमस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुन कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नागरिकों द्वारा उठाए गए मुद्दों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा जनसेवा एवं जनहित के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास जारी रहेगा।

# मध्यप्रदेश स्थाई कर्मी कल्याण संघ ने सौंपा ज्ञापन

दमोह। प्रांतीय निकाय के आह्वान पर चार सूत्रीय मांगों को लेकर मध्य प्रदेश स्थाई कर्मचारी संघ ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा जिसमें स्थाई कर्मचारी को सातवां वेतन एरियसर्स दिए जाने एवं शासकीय कर्मचारी के समान सभी सुविधाये, दैनिक वेतन भोगी सुरक्षा श्रमिक अंशकालीन कर्मचारियों को नियमित किया जाकर वेतनमान दिया जावे अंशकालीन कर्मचारियों को प्रत्येक माह की 5 तारीख तक भुगतान किया जावे आदि की मांग की गई है, ज्ञापन में जिला अध्यक्ष बबलू ठाकुर उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी सचिव रूपनारायण विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष रानू यादव, जनजाति अध्यक्ष दुर्जन लाल विश्वकर्मा उपाध्यक्ष संतोष खरे अंशकालिक अध्यक्ष वृंदावन मेहरा मीडिया प्रभारीवीरेंद्र कुमार जाटव के साथ जिले के सभी तहसील ब्लॉकों के कर्मचारी एवं महिलाओं का विशेष सहयोग दिया गया। इस ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा संरक्षक राकेश सिंह हजारी अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष,के आर पांडेय प्रांतीय महामंत्री बी,एम, दुबे, कर्मचारी कांग्रेस विवेक दुबे, कर्मचारी कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिकर्रा, रोशन नायक, राज्य कर्मचारी संघ के सुरेंद्र राय, लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रमोद अहिरवार, आशीष पाठक भारत श्रीवास्तव, महबूब सिद्दीकी, लक्ष्मीकांत शुक्ला, जागेश्वर तिवारी दिनेश सक्सेना आलोक तिवारी सुरेश चौबे तीरथ ठाकुर संदीप मिश्रा, श्री राम दुबे, मनोज चौबे, मुन्ना सोनी, सुखलाल रजक बालचंद अहिरवार, अंगद सीग, रमेश कुमार अहिरवार दिनेश विदुआ, रज्जू अहिरवार, नजीर वेग खान, राम प्रकाश गोप, भुनेश्वर यादव, खरग्राम अठिया, विजय सिंग, धर्मदास, देवेंद्र चौबे, खुमान राय, गणेश गोड, मोती बाई, उर्मिला साहू, सुशीला, कलाबाई, बबलू जैन पटेरा भवानी यादव असगर खान, हनीफ खान, कमलेश चौबे, लुकन ठाकुर, धीरज सिंग, बलवंत सिंग, जीवन सिंग की उपस्थिति रहीं।



# पतंजलि योगपीट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

दमोह। पतंजलि योगपीठ हरिद्वार में पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान,किसान सेवा समिति,महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत एवं सोशल मीडिया की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 2 जनवरी से 5 जनवरी 2026 तक आयोजित की गई जिसमें मध्य प्रदेश से राज्य प्रभारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति जिसमें भाई करण सिंह भारत स्वाभिमान ट्रस्ट राज्य प्रभारी,भाई भगत सिंह पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी, बहन पुष्पांजलि शर्मा महिला पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी,भाई मुन्नी लाल यादव किसान सेवा समिति राज्य प्रभारी, भाई अनिल सेन युवा भारत राज्य प्रभारी, भाई लखन साहू युवा भारत सह राज्य प्रभारी, टी एस वावल कोषाध्यक्ष, अभिलाष सिंह गौतम कटनी, छिदामी राठौर, पंडित कृष्ण कुमार परौहा राज्य कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। साथ ही साथ ही सुरेश रैकवार जी,डॉक्टर कार्तिक शर्मा प्रोफेसर श्रीमती नेहा शर्मा एवं श्रीमती अवंतिका करोटिया जयप्रकाश करोटिया ने एक लाख देकर आजीवन सदस्यता ग्रहण की। तथा स्वामी जी से आशीर्वाद प्राप्त किया इस अवसर पर दमोह जिले से प्रांतीय दान संग्रह प्रभारी डॉक्टर केदारनाथ शर्मा को, युवा भारत राज्य प्रभारी भाई लखन लाल साहू को एवं सोशल मीडिया राज्य प्रभारी भाई अनिल सेन जी को नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारीयों को पतंजलि परिवार दमोह की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं मुख्य केंद्रीय प्रभारी डॉक्टर स्वामी परमार्थ देव जी ने अपने आशीर्वचन में सभी से गांव गॉव योग,घर घर योग,स्वदेशी का प्रचार प्रसार एवं नशा मुक्त समाज बनाने की अपील की। श्रद्धेय स्वामी रामदेव जी महाराज का सपना है पूरे भारत में गांव-गांव में योग कक्षाएं एवं स्वदेशी सामग्री उपलब्ध हो अपने गांव में स्वदेशी ग्रामीण आरोग्य केंद्र खोलने एवं निःशुल्क योग कक्षाओं को चलाने योग शिविर लगाने हेतु पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी पंडित कृष्ण कुमार परौहा या जिला चिकित्सालय के सामने मानस भवन दुकान नंबर 22 पतंजलि चिकित्सालय दमोह में लोकेश राजपूत जी से संपर्क करे।



# यातायात पुलिस ने यातायात नियमों की लगाई पाठशाला




दमोह। पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशन में ''सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा थीम'' पर दिनांक 01.01.2026 से 31.01.2026 तक ''सड़क सुरक्षा माह'' का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पालन में श्रुतकीर्ति सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं श्री सुजीत सिंह भदौरिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला दमोह के मार्गदर्शन में दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। दिनांक 08.01.2026 को दलवीर सिंह मार्को थाना प्रभारी यातायात द्वारा अभियान के तहत सेंट जॉन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल दमोह में यातायात जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान उपस्थित स्कूल के करीब 450 छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स्टाफ को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, 18 वर्ष से पूर्व बिना वैध लायसेंस के वाहन न चलाने, इंमरजेंसी वाहनों को सदैव रास्ता देने, चार पहिया वाहन में सीट वेल्ट का प्रयोग करने, रस ड्राईविंग न करने, दो पहिया वाहन में तीन सवारी न बैठने, राहवीर योजना के तहत वाहन दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर में नजदीकी अस्पताल/ट्रामा सेंटर पहुंचाकर मदद करने तथा सड़क पर चलने के तरीके एवं यातायात नियमों का पालन करने एवं कराने की समझाईश दी गई। उपस्थित स्कूली छात्राओं एवं स्कूल

# राष्ट्रगान के साथ हुआ टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



नगर के बीटीआई ग्राउंड में गुरुवार की दोपहर संभागीय स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हटा विधायक उमादेवी खटीक के मुख्य आतिथ्य में विशिष्ट अतिथि पुष्पेन्द्र हजारी एवं टूर्नामेंट अध्यक्ष दीपक जैन द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर देश भक्ति से ओत-प्रोत सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया। टूर्नामेंट का पहला मैच रॉयल स्टार हटा एवं तूफान गंगा फुटेरा के बीच खेला गया जहां फूटी रानी डांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 177 रन बनाए फुटेरा की ओर से जानू राजा ने 69 रन बनाकर बेहतरीन प्रदर्शन किया जिसके बाद हटा रॉयल स्टार टीम जबाब में 111 रन बना कर ऑल आउट हो गई। और फुटेरा टीम को 66 रन से टूर्नामेंट की पहली जीत मिली। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र खटीक, टूर्नामेंट के प्रेरणा स्त्रोत सुरेन्द्र अग्रवाल ,उपाध्यक्ष अनिल राय , ब्रांड एंबेसडर आशीष पुरानी मैन ऑफ़ द सीरीज शीतल सिंह सरदार संरक्षण अंकुश खटीक, नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा , सोमिल सिंह हजारी, पूर्व पार्षद बृजेंद्र सिंह राजपूत की उपस्थिति रही। वहीं आयोजन मंडल में इमरान बजाज, अकील बाबा,आकिब खान ,सलमान पठान छोटू बीरू सोलंकी, जावेद एसी शहवाज एसी, सोनू बाबा,रोशन ताज,सोनू मैनैजर, छोटू खान,लकी बजाज आदि शामिल रहे वही टूर्नामेंट की सफल कॉमेंट्री वाकर विनोद श्रीवास्तव एवं राजू खान द्वारा की जा रही टूर्नामेंट शुभारंभ का मैच देखने हजारों की तादात में दर्शकों की उपस्थिति रही।

# जबेरा के ग्राम जोगीखेड़ा को 24 घंटे पेयजल प्रदाय करने हेतु बैठक संपन्न



जबेरा। जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत करनपुरा के ग्राम जोगीखेड़ा में 24x7 घंटे पेयजल उपलब्ध कराने के लिए ग्राम वासियों के साथ जल जीवन मिशन के अधिकारियों द्वारा सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम में 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने का निर्णय लेते हुए कहा गया कि इस संबंध में सभी ग्रामवासी पानी की खपत कम करें। जितनी आवश्यकता हो पानी का उपयोग उतना ही करें। पानी भरने के बाद हमेशा टोंटी बंद रखे और पानी का दुरउपयोग खेतों में क्यारियों में एवं शौचालयों में न करने हेतु निवेदन किया गया। ग्राम जोगीखेड़ा में पेयजल 24x7 लागू होने पर जलकर एवं पानी की खपत में कमी आनें की संभावना है। बैठक में कहा गया कि आने वाले एक सप्ताह के अंदर विशेष ग्रामसभा का आयोजन ग्राम जोगीखेड़ा में करने के उपरांत सरपंच/सचिव को **MOU** (सहमति पत्रक) उपलब्ध करा दिया जायेगा। जिसमें उसी दिन से दमोह जिले के ब्लॉक जबेरा का ग्राम जोगीखेड़ा प्रथम 24 घंटे 7 दिवस (24x7) होने वाला प्रथम ग्राम होगा। आज दिनांक 07 जनवरी 2026 को आयोजित हुई विशेष बैठक में जल निगम प्रबंधक (जनसहभागिता) डॉ. मनोज राज के द्वारा उक्त गतिविधी का संपादन किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव राजकुमार घोषी एवं जल निगम से अखिलेश शुक्ला, ओमप्रकाश विश्वकर्मा सहित अनेकों ग्राम वासी उपस्थित रहें।

# समाधान योजना अंतर्गत कर्मचारियों को अधीक्षण अभियंता ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर



दमोह वृत अंतर्गत समाधान योजना में हितग्राहियों तक योजना की जानकारी के साथ योजना में शामिल कर लाभ दिलाने वाले तीन सर्वश्रेष्ठ वितरण केंद्र प्रभारी एवं तीन श्रेष्ठ मुख्यालय लाइन कर्मचारियों को दमोह वृत के अधीक्षण अभियंता अमित चौहान के द्वारा सम्मानित किया गया। समाधान योजना में श्रेष्ठ कार्य हेतु वितरण केंद्र बटीयागढ़ से श्री संदीप पटेल सहायक अभियंता एवं बटीयागढ़ मुख्यालय के लाइन मैंन श्री हामिद खान और वितरण केंद्र जबेरा के कनिष्ठ अभियंता श्री एम के मेंहतो एवं जबेरा वितरण केंद्र के कोरता मुख्यालय के लाइन कर्मचारी श्री दुर्योधन गजबिये और वितरण केंद्र पटेरा के कनिष्ठ अभियंता श्री नीरज नामदेव और पटेरा वितरण केंद्र के बीला मुख्यालय के लाइन कर्मचारी श्री भगीरथ पटेल को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

वितरण केंद्र बटीयागढ़ ने समाधान योजना में 44% जबेरा वितरण केंद्र ने 42%एवं पटेरा वितरण केंद्र ने 41% उपभोक्ताओं को लाभ दिलाकर उत्कृष्ट कार्य किया गया।उसी तरह श्रेष्ठ तीन मुख्यालय के लाइन कर्मचारियों में बटीयागढ़ मुख्यालय ने 37% पटेरा के बिला मुख्यालय ने 35% और जबेरा के कोरता से 34% हितग्राहियों को लाभ दिलाकर उत्कृष्ट कार्य किया गया। वृत कार्यालय में तीनों वितरण केंद्र प्रभारियों एवं मुख्यालय लाइन कर्मचारियों का कार्यपालन अभियंता दमोह साउथ , कार्यपालन अभियंता निर्माण संभाग दमोह एवं सहायक अभियंता दमोह ग्रामीण की उपस्थिति में किया गया। अधीक्षण अभियंता दमोह वृत के द्वारा सभी उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के अनुभव को भी आपस में साझा किया गया और आगे भी इसी तरह कार्य करने हेतु उत्साह वर्धन किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। दमोह वृत में इस तरह श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान होने से सभी अधिकारियों और कर्मचारियों में उत्साह देखा गया और कर्मचारी यूनियन द्वारा इस पहल का स्वागत किया गया।

# भव्य कलश यात्रा के साथ मोहरा में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



तेंदूखेड़ा। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोहरा में गुरुवार को श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर ग्राम में भव्य एवं श्रद्धापूर्ण कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव धाम खर्राघाट से प्रारंभ होकर ग्राम मोहरा स्थित भागवत कथा पंडाल तक निकाली गई। कथा व्यास पंडित विपिन बिहारी जी के मुखारविंद से होने वाली श्रीमद् भागवत कथा के लिए आयोजित इस कलश यात्रा में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान मार्ग में जगह. जगह ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। हरदुआ तिग्गडडा से मोहरा तिराहे तक विशेष रूप से आकर्षक स्वागत किया गयाए जहां श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। इसके पश्चात यात्रा ग्राम मोहरा पहुंची जहां बजरंग धाम में श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसके बाद छोटे सरकार अजब धाम में भी पंडित विपिन बिहारी जी एवं कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने सिर पर कलश धारण कर पैदल यात्रा की। डीजे की मधुर भक्ति धुनों और जय.जय के जयकारों से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। ग्राम मोहरा की गलियों से होकर जब यात्रा भागवत कथा पंडाल पहुंची तो वातावरण पूर्णतः धार्मिक उल्लास से भर गया। इस पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के पर्यटन एवं धर्मस्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कलश यात्रा में सहभागिता कर आयोजन की सराहना की। साथ ही पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी के पुत्र महिपाल सिंह राजाए पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी के पुत्र कृष्ण प्रताप लोधी सहित क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधिए सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में जनता जनार्दन कलश यात्रा में सम्मिलित हुई। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजकों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचनए भजन. कीर्तन एवं अन्य आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलश यात्रा के सफल आयोजन से ग्राम मोहरा सहित आसपास के क्षेत्र में धार्मिक चेतना और सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित हुआ।

# पांचवें दिन गूंजे कृष्ण की बाल लीलाओं के प्रसंग

तेंदूखेड़ा। नगर के पंचवटी धाम ब्लॉक परिसर में कार्तिक महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। वृंदावन धाम से पधारे प्रख्यात कथा वाचक पंडित प्रेम नारायण शास्त्री समनापुर बालों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का भावपूर्ण और विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा श्रवण हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। पंडित प्रेम नारायण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की माखन लीला, बाल लीला एवं गोवर्धन पर्वत लीला का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि वैष्णवों का सबसे बड़ा धन भक्ति है। जिनके मन में भगवान के प्रति अटूट विश्वास होता है, उन पर सदैव भगवान की कृपा बनी रहती है। उन्होंने कहा कि यह संसार दुःख की दुकान है, स्वयं सृष्टि की रचना करने वालों को भी इस संसार में 14 वर्षों का कष्ट भोगना पड़ा। संसार में भगवान के भजन के बिना कोई भी व्यक्ति सुखी नहीं रह सकता। कथा वाचक ने दान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दान केवल धन से ही नहीं होता, बल्कि भक्ति में भी अपार शक्ति होती है। यदि मन को भगवान की कथा में लगाकर बैठा दिया जाए और उसे संयमित रखा जाए, तो मन कभी भटकता नहीं है। इसके पश्चात उन्होंने गोकुल का विस्तारपूर्वक वर्णन किया, जहां नंद बाबा और यशोदा मैया के यहां भगवान श्रीकृष्ण का आगमन हुआ। नंदा और सुंदा के प्रसंग का भी उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि पाप को बार-बार स्वीकार करने और बताने से पाप कम होता है। पूतना वध की कथा का वर्णन करते हुए पंडित शास्त्री ने कहा कि जीवन में लक्ष्य का होना अत्यंत आवश्यक है, जैसे विद्यार्थी का लक्ष्य विद्या अध्ययन होता है। नंद बाबा के मथुरा पहुंचने पर वासुदेव से भेंट का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि वासुदेव ने नंद बाबा से शीघ्र गोकुल लौटने का आग्रह किया। जब नंद बाबा गोकुल पहुंचे तो उन्होंने देखा कि भगवान श्रीकृष्ण ने राक्षसनी पूतना का वध कर दिया है। कथा के दौरान जीवन के 16 संस्कारों के महत्व को भी विस्तार से समझाया गया। माखन लीलाओं का वर्णन कान्हा जी ने मटकी फोड़ी गोवर्धन की पूजा कर सभी ने 56 प्रकार से अधिक चीजों के भोग लगे संगीतमय कथा से वातावरण भक्तिमय हो गया और श्रद्धालु भावविभोर होकर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन नजर आए।कार्यक्रम के अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### श्रीमद्भागवत कथा हवन और भंडारे के साथ समापन

बनवार। सिद्ध बाबा चुड़का धाम में सात दिनों से जारी श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव श्रद्धा भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ विधिविधान से कथा हवन और भंडारे का समापन किया गया जिसमें आसपास के गांवों सहित क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम भक्त मंडल समिति और समस्त ग्रामवासियों तथा क्षेत्रवासियों के सहयोग से सफलता पूर्वक आयोजित किया गया कथा व्यास कृष्ण कांत गौतम ने श्रीमद्भागवत का मार्मिक वाचन किया उन्होंने विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख करते हुए श्रद्धालुओं को सत्संग भक्ति और धर्म मार्ग अपनाने का संदेश दिया। प्रवचन के दौरान गौतम ने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करना ही सच्चा धर्म है श्रीकृष्ण गीता में बताते हैं कि वही व्यक्ति वास्तविक सुख का अधिकारी होता है जो विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य विश्वास और संकल्प पर अडिग रहता है उन्होंने कहा कि सदाचार की राह कठिन जरूर होती है लेकिन अंत में वही जीवन को सार्थक बनाती है। कथा समापन पर सामूहिक हवन की धूम रही। सिद्ध बाबा समिति ने कार्यक्रम में सहयोग देने वाले समस्त ग्रामवासियों श्रद्धालुओं और सेवाभावी सदस्यों के प्रति आभार जताया सहयोग और सेवा में मंनगुवा मानगढ़ सरपंच नवल सिंह राजेश सिंह कमलेश सिंह घटेरा सरपंच राघवेन्द्र सिंह गनपत सिंह कंछेदी यादव आचार्य रामगुलाम गौतम डाल सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता लगे रहे।

खबर संक्षेप

### माँ यदि सत्संग करें तो गर्भ से ही शिशुके चित्त पर पूर्ण संस्कार पड़ता है: स्वामी श्रवणानंद सरस्वती

**दमोह।** नगर के नरसिंह मंदिर प्रांगण शाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस आनंद वृंदावन से पधारे परम पूज्य स्वामी श्री अखंड आनंद सरस्वती के परम कृपा पात्र स्वामी श्रवनानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि ईश्वर से जोड़ने के लिए ही शास्त्रों का अवतार हुआ है। यह श्रीमद्भागवत महापुराण मनोरंजन का साधन नहीं है, 'आत्मरंजन' का साधन है। यह व्यासपीठ हास्यकविता के लिये नहीं है- बहुत से कलाकार अपने चैनल के माध्यम से आपको हल्का फुल्का करते हैं। यह व्यासपीठ अध्यात्म के विचार देने के लिये है। अध्यात्म के विचारों से सद्शास्त्रों के माध्यमसे यदि आप जुड़े रहोगे तो कभी बिचारे नहीं बनोगे। हम लोग कर्मवासना के कारण ही संसार में - मैं और मेरे के घेरे और झमेले में- फँस गये है। आध्यात्मिक व्यक्ति वह है जो अध्यात्म को जीता है। इसकी चर्चा करने से भी अधिक इसे जीने का महत्त्व है। अध्यात्म से अथव अध्यात्म से जो जुड़ा हुआ व्यक्तित्व है उससे जब तक जुड़ोगे नहीं तब तक काम बनेगा नहीं। हमने गलती से प्रवचन को ही अध्यात्म मान लिया है । परंतु जब तक बोलने वाले स्वयं काम-किंकर क्रोध-किंकर होंगे तब तक समाज पर प्रभाव कैसे पड़ेगा? प्रह्लादजी का चरित्र हर दृष्टिकोण से मनन करने योग्य है। माँ यदि सत्संग करें तो गर्भसे ही शिशुके चित्त पर पूर्ण संस्कार पड़ता है। गर्भावस्था बहुत महत्त्वपूर्ण काल है- राष्ट्र भक्ति के चरित्र पढ़ो, प्रयास पूर्वक ध्यान दें की बच्चे -विलायत के प्रेमी न बनें भारत के प्रेमी बनें, अर्थ के प्रेमी न बनें परमार्थ के प्रेमी बनें,भौतिकता के उपासक न बनें अध्यात्म के उपासक बनें। इससे क्या होगा? परिस्थिति कैसी भी क्यों न हो वे कभी मुरझायेंगे नहीं, कभी थकेंगे नहीं, कभी झुकेंगे नहीं, कभी रुकेंगे नहीं! श्रीप्रह्लाद जी के जीवन में जो भक्ति आयी संत कृपा, मात्री कृपा से आयी। जीवनमें पूर्ण निर्वैरता, निष्कामता है।

## परिजनों ने हत्या किए जाने का लगाया आरोप, एसपी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का किया निरीक्षण

# हृदय विदारक घटना: 18 माह की बच्ची के साथ गर्भवती माँ और पिता अपने ही घर में फांसी के फंदे से लटके मिले






### तेंदूखेड़ा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 का मामला, पुलिस हर पहलू पर कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर के वार्ड क्रमाक 1 में हृदयविदारक घटना सामने आई है जिसमें एक गर्भवति महिला उसका पति एवं 18 माह की बच्ची अपने ही घर में फासी के फंदे में लटके मिले है। इस घटना ने नगर के प्रत्येक व्यक्ति को सन्न करके रख दिया है। आनन फानन में पुलिस को सूचना दी गई तेंदूखेड़ा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया। इतनी बडी घटना के बाद केबट मोहल्ला के दोनो वार्डो में शोक माहोल शाम तक बना रहा अधिकतर घरो में खाना भी नहीं बना था मौहल्ला की सम्पूर्ण महिलाए शोक ग्रस्त परिवार के घर पहुंच गई थी साथ ही सभी की आखो से आंशू निकल रहे थे। बताया जा रहा है कि नगर में ऐसी घटना पहली बार घटित हुई है कि एक 18 माह की बच्ची सहित पति पत्नि फांसी के फंदे से लटके मिले।

ज्ञात हो कि मनीष पिता खूब्बी केबट 25, मृतिका 4 माह की गर्भवती महिला माही उर्फ दसोदा पति मनीष केबट 24 एवं मृत बच्ची आरोही पिता मनीष 18 माह तीनो अपने ही घर में फांसी के फंदे पर लटके मिले है। सबसे बड़ी हैरानी का मामला है कि मनीष अपनी बच्ची आरोही का मुनडन कराने के लिए रिस्तेदारो के साथ बांदकपुर जाने बाला था लेकिन रात में यह घटना हो गई। दसोदा की वहन गीता केबट भी साथ में मुनडन कराने जानी बाली थी जिसके लिए वह सुबह मनीष के घर पहुंची और चिल्लाने व दरवाजे खट खटाने के बाद भी दरवाजे नहीं खुला तो लोगो को बुलाकर दरवाजे खुलवाए गए और अंदर देखने के बाद सभी चैक गए कि तीनो जन फांसी के फंदे पर लटके हुए है इस घटना के बाद परिजनों व रिश्तेदारों का रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है वहीं इस घटना से पूरे नगर को झकझोर कर रख दिया ।

### मौके पर पहुंचे वरिष्ठ अधिकारी



वहीं इस घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी एएसआई गजराज सिंह ठाकुर प्रधान आरक्षक बृजेश त्रिपाठी आरक्षक नीरज नामदेव विशाल बेन सहित अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को घेराबंदी कर जांच पड़ताल शुरू की गई है कुछ ही समय में तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व नायब तहसीलदार विवेक व्यास आरआई करन ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे शवों को फंदे से उतारकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया लेकिन पोस्टमार्टम साढ़े पांच बजे तक हो पाया जिसके कारण मृतकों का अंतिम संस्कार नहीं हो सका जिनका आज सुबह रिश्तेदार व समाज लोग द्वारा अंतिम संस्कार किया जाएगा

### मामले की जांच की जा रही है

दमोह एसपी श्रुतकीर्ति सोवंशी ने कहा कि अभी मौत का स्पष्ट कारण नहीं मिला है। पोस्टमार्टम के लिए शवो को भेजा गया है और डाक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगां। जिससे स्पष्ट ओपिनियन मिल सके। आत्म हत्या की वजहो को भी खोजा जाएगा। साथ ही परिवार के लोगो के वयान भी दर्ज किए जाएगे। इसके अलावा दीवारो पर भी कुछ लिखा है लेकिन स्पष्ट समझ में नही आ रहा है। जिसके भी फोटो ग्राफ कराए गए है। जो फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी जॉच के लिए भेजे जाएगे कर्ज का मामला भी सामने आया है लेकिन मौत का यही कारण है अभी यह कहना सही नहीं है। मृत्यु के और भी कारण हो सकते है। मर्ग कायम कर सम्पूर्ण मामले की शीघ्र ही जॉच कराएगे इसके बाद कार्यवाही की जाएगीं।

### हत्या का आरोप

वहीं मृतिका दसोदा की मां सुनेना केबट एवं बहन मीना केबट ने आरोप लगया है कि दसोदा सहित पूरे परिवार को मकान मालिक हमेशा धमकी देता था। मकान मालिक ने दो दिन पहले मंगलवार को जानसे मारने की धमकी देकर गया था। दोनो ने बताया कि लगभग एक साल पहले कृष्णा केबट से 2 लाख 50 हजार रूपए में मकान खरीदा था जिसके एवंज में 2 लाख रूपए नगद दिए थे। 50 हजार रूपए बाकी थे। जिसको लेकर मकान मालिक धमकी दे रहा था। इसके अलावा मकान की रजिस्ट्री भी नहीं कर रहा था और न ही दो लाख रूपए वापिस कर रहा था। अगर मनीष काम करने जाता था तो वहां पर भी उसे धमकी दी जाती थी। पहले भी धमकी देता था जिसकी दसोदा ने तेंदूखेड़ा थाने में जाकर शिकायत की थी। जिस कारण मकान मालिक ने ही तीनो को जान से मारा है। क्योकि जिस स्थिति में तीनो लटके मिले है उससे भी लगता है कि तीनो को मारा गया है। ज्ञात हो कि मनीष प्रतिदिन मजदूरी एवं मिस्त्री गिरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मनीष के माता पिता का पहले ही स्वर्गवास हो गया था। परिवार का अकेला लडका था। सिर्फ मनीष की बहनें थी इस घटना के बाद मनीष का पूरा बंश ही खत्म हो गया है।

## हाकी मैच में दमोह ने कटनी को हराया



**दमोह।** इकरार उस्ताद स्मृति सम्मान समारोह के प्रथम चरण मे हॉकी दमोह के द्वारा संभागीय हॉकी प्रतियोगिता के पहले मैच मे दमोह एवं कटनी के मध्य रोमांचक मैच खेला गया। जिसमे दमोह की टीम ने 6-1 एक से विजय प्राप्त की। दूसरा मैच जबलपुर एवम सागर के बीच खेला गया। दो दो गोल से बराबर रहा। पेनाल्टी शूट आउट मे सागर ने चार-तीन से मैच जीता। दोनो मैच मे खिलाडियो से परिचय पी आर ओ कुरैशी जी, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, पटेल साब, खत्री जी, एडवोकेट अनवर भाई से कराया। फाइनल मैच सागर दमोह के मध्य खेला गया। खिलाडियो से परिचय विवेक शैडेय आर आर खुशाल अनवर भाई से कराया गया फाइनल मैच मे दमोह ने सागर को पांच दो से पराजित किया सियोन ने तीन दो गोल समीर ने किये। मैच के निर्णायक राजेश सालोमन, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, असार विकास जैन, तरूण इमरान विवियन आदि रहे।

## ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित : कर्मचारी संघ

**दमोह।** ई-अटेंडेंस व्यवस्था इन दिनों शिक्षा व्यवस्था के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनती जा रही है। अगले माह से बोर्ड परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं, लेकिन शिक्षक पढ़ाई पर पूरा ध्यान देने के बजाय लॉग-इन और लॉग-आउट से जुड़ी तकनीकी समस्याओं में उलझे हुए हैं। जिले के शिक्षकों का कहना है कि वे पहले भी समय से विद्यालय पहुंचकर नियमित रूप से अध्यापन कार्य करते थे, इसके बावजूद ई-अटेंडेंस को अनिवार्य कर दिया गया। कई ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सर्वर की समस्या, कमजोर नेटवर्क, मोबाइल तकनीकी गड़बड़ी और सड़क जाम जैसी स्थितियों के कारण शिक्षक समय पर उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि शिक्षक पूरे दिन कक्षाएं लेने के बावजूद वेतन कटौती का सामना कर रहे हैं। समय पर वेतन न मिलने से शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, जिसका असर उनके पारिवारिक जीवन पर भी पड़ रहा है। कई मामलों में पारिवारिक तनाव और विवाद की स्थिति बनने की बात सामने आ रही है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक सुरेन्द्र राय' ने इस संबंध में कहा कि ई-अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। तकनीकी खामियों के कारण आज मध्य प्रदेश में किसी की भी उपस्थित नहीं लग पा रही है, शिक्षक उपस्थिति दर्ज नहीं कर पा रहे हैं, जबकि वे नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर पढ़ा रहे हैं। इसके बावजूद वेतन काटा जा रहा है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। बोर्ड परीक्षाओं से ठीक पहले शिक्षकों पर इस तरह का मानसिक और आर्थिक दबाव बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। 'सरकार को चाहिए कि ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता पर पुनर्विचार करे और तकनीकी कारणों से हो रही त्रुटियों के लिए शिक्षकों को दंडित न करे। शिक्षकों का आरोप है कि सरकार डाटा कंपनियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से इस व्यवस्था को सख्ती से लागू कर रही है, जबकि ज़मीनी हकीकत पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि मानसिक और आर्थिक दबाव में काम कर रहे शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा करना व्यावहारिक नहीं है। बोर्ड परीक्षाओं से ठीक पहले इस तरह की अव्यवस्था से छात्रों और अभिभावकों की चिंता भी बढ़ गई है।

## ब्यारमा जलसमूह के पानी की शुद्धता की जांच के लिये सीएमओ ने डोर-टू-डोर पहुंचकर लिए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा




जिला कलेक्टर महोदय के निर्देशों के अनुपालन में नगर परिषद पटेरा द्वारा आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रेम सिंह चौहान ने ब्यारमा जलसमूह योजना के अंतर्गत हो रही जल सप्लाई का औचक निरीक्षण किया और जल की गुणवत्ता का सूक्ष्म परीक्षण किया। नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री प्रेम सिंह चौहान ने परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर डोर-टू-डोर जल वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सीधे उपभोक्ताओं के घरों के नलों से पानी के सैंपल लिए। श्री चौहान ने स्वयं जल की पारदर्शिता की जांच की और नागरिकों से सप्लाई के समय व पानी की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक भी लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अमले को निर्देश दिए कि हर घर तक शुद्ध जल की पहुंच सुनिश्चित की जाए। एकत्र किए गए पानी के सैंपलों की तकनीकी जांच की गई, जिसमें जल की शुद्धता निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई। सीएमओ ने बताया कि ब्यारमा जलसमूह से होने वाली डोर-टू-डोर सप्लाई का पानी पूरी तरह स्वच्छ और सुरक्षित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर परिषद का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को संदूषण रहित पानी पहुंचाना है, ताकि नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर महोदय के निर्देशों का उल्लेख करते हुए श्री चौहान ने जल प्रदाय विभाग की टीम को निर्देशित किया कि पाइपलाइन और स्टोरेज टैंकों की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि डोर-टू-डोर सप्लाई के दौरान गुणवत्ता की रैंडम सैंपलिंग प्रक्रिया भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। इस निरीक्षण के दौरान नगर परिषद की तकनीकी टीम और संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रशासन की इस सक्रियता और डोर-टू-डोर पहुंच से क्षेत्र के रहवासियों ने संतोष व्यक्त किया है।

### लाखों रुपए की लागत से बने अमृत सरोवर, चेक डेम में नहीं हो रहा जल संरक्षण

**पथरिया।** जनपद पंचायत अंतर्गत द्वारा विगत वर्षों में हर सेक्टर में एक अमृत सरोवर स्वीकृत हुआ जिसमें से सतपारा सेक्टर का बोतराई में बना करीब 19 लाख से अधिक राशि का अमृत सरोवर बना हुआ जहां वर्तमान में देखकर ऐसा लगता है कि जैसे बारिश में तक सरोवर में पानी नहीं ठहरा हो बहुत ही कम पानी एकत्रित हो पाया हो। जबकि इससे पहले के तालाब जो ग्राम में वर्षों से बने हुए हैं वहां अभी भी अच्छा खासा पानी है लेकिन जहां शासन द्वारा करीब 19 लाख से अधिक राशि खर्च हुई वहां का तालाब पानी नही तो क्या औचित्य का बना हुआ है। शासन द्वारा भलें कितना भी प्रयास किया जा रहा हो जल संरक्षण के लिए पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद जब यह स्थिति बनी हुई है तो अंदाज लगा सकते हैं कि क्या हकीकत है ऐसा ही हाल चेक डेमों के है हर पंचायत में 5-5 चेक डेम निर्माण हुए पर पानी नही है तो क्या औचित्य है लेकिन भुगतान होकर पैसा निकल गया और फिर किसी को कोई सरोकार नही कि इतनी राशि खर्च हुई पर कोई मतलब नहीं। सब अपने अपने हिस्से दारी लेकर फ्री हो जातें हैं।

## जबेरा में दो संतों का हुआ मिलन, मुनि श्री प्रमाण सागर जी की हुई भव्य अगवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह/जबेरा



जबेरा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज का जबेरा नगर आगमन हुआ।जबेरा नगर की सीमा में नगर में विराजमान मुनि श्री सुखसागर जी महाराज ब सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा भव्य आगवानी की गई।इसके उपरांत आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज, सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन रानू नामदेव सहित ग्रामवासियों द्वारा भी मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज की श्री राम चौराहे पर भव्य आगवानी की।संतों का मिलन देख जबेरा ग्रामवासी उत्साहित नजर आए।सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा रंगोली सजाई गई गाजे बाजे के साथ मुनि श्री की भव्य आगवानी की गई। इसके उपरांत श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचकर मूलनायक श्री पारसनाथ भगवान के दर्शन किए। दर्शन के उपरांत विशाल धर्म सभा आयोजित की गई।जिसमें जबलपुर, मझौली, कटंगी, सिंग्रामपुर चोपरा सहित आसपास के ग्राम के लोग पहुंचे जिन्होंने मुनि श्री को श्रीफल अर्पित किया। इसके उपरांत आनंद धाम पीठाधीश्वर स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि पूज्य आचार्य विद्यासागर जी महाराज 2021 में आनंदधाम आए थे। वैसा ही माहौल आज जबेरा नगर में है।इसके उपरांत मुनि श्री सुखसागर जी महाराज ने कहा कि 18 वर्ष बाद हम संतों का मिलन हुआ है ब पूज्य मुनि प्रमाण सागर जी के दर्शन हुए। इसके उपरांत मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के मांगलिक प्रवचन संपन्न हुए। जिन्होंने अपनी मांगलिक प्रवचनों से सकल एवं सकल दिगंबर समाज को धार्मिक प्रेरणा दी। दोपहर 1.30 बजे मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के शंका समाधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके उपरांत मुनि श्री का सिंग्रामपुर की ओर मंगल विहार हुआ। इसी दौरान रास्ते में आनंद धाम में पूज्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी ब आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज दोनों संतों का मिलन हुआ एवं विभिन्न धार्मिक विषयों पर चर्चा हुई।

### सिंग्रामपुर में मुनि प्रमाण सागर जी का मंगल प्रवेश

**सिंग्रामपुर।** जबेरा गुरुवार शाम आध्यात्मिक उल्लास से भर उठा जब आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि 108 प्रमाण सागर महाराज जी एवं संधान सागर जी संसघ का मंगल बिहार करते हुए सिंग्रामपुर में भव्य स्वागत हुआ। जैन समाज की ओर से तैयारियां दिन भर चलती रहीं शंका समाधान कार्यक्रम सिंग्रामपुर के नए जैन मंदिर में संपन्न हुआ। जहां बड़ी संख्या में समाजजन एकत्र हुए श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आयोजन स्थलों को विशेष रूप से सजाया गया है। महाराज जी के साथ छुल्लक ऐलक और ब्रह्मचारी भैया जी का संघ भी पहुंचा है शुक्रवार सुबह आठ बजकर तीस मिनट पर भावना योग और आहारचर्या संपन्न होने का कार्यक्रम घोषित किया गया है जिसमें श्रद्धालुओं को मुनि प्रमाण सागर महाराज जी के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त होगा और पावन चरणों में शीश नवाने का अवसर मिलेगा धार्मिक अनुष्ठान के साथ आध्यात्मिक प्रवचन भी होने की संभावना है जो जनमानस को प्रेरणा प्रदान करेंगे। मुनि प्रमाण सागर महाराज आचार्य श्री विद्यासागर जी और आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के परम शिष्य हैं जिनके ओजपूर्ण प्रवचनों से देशभर के अनुयायी आध्यात्मिक ज्ञान और जीवन मार्गदर्शन प्राप्त करते आए हैं जबेरा से सिंग्रामपुर की ओर पधारते समय आनंद धाम में दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती रंजीतानंद जी महाराज और आनंद धाम परिवार ने पुष्प वर्षा और विधिवत पूजन से गुरुवर की अगवानी की संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का वातावरण व्याप्त है श्रद्धालु शुक्रवार के मुख्य कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## कलयुगी मां की करतूत, जंगल में बड़ी प्लांटेशन के पास फेंका नवजात शिशु

### गाय खोज रहे ग्रामीण को मिला नवजात शिश, ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से भेजा हटा सिविल अस्पताल



**हटा।** कहते है कि माता कभी कुमाता नहीं होती और अपने जुगाड़ के टुकड़े को बचाने के लिए अपनी जान की बाजी भी लगा देती है लेकिन कलयुग में अब निर्दय मां की काली करतूतें सामने आ रही है जहां ऐसा ही एक नजारा गुरुवार की सुबह फतेहपुर रजपुरा के बीच बरी प्लांटेशन के जंगल में देखने को मिला जहां नौ माह अपनी कोख में पालने के बाद कोई कलमुंही मां अपना कलंक छुपाने अपने जिगर के टुकड़े नवजात शिशु को जंगल में फेक आई। दरअसल अनुविभाग हटा अन्तर्गत रजपुरा थाना क्षेत्र के बरी गांव के बड़ापुरा प्लांटेशन के पास गुरुवार की सुबह एक नवजात शिशु लावारिस हालत में पड़ा मिला जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से उसे हटा सिविल अस्पताल लाया गया। उल्लेखनीय है कि रजपुरा सर्किल के बरी गांव के पास वन विभाग के प्लान्टेशन परिसर में गुरुवार की सुबह जंगल में गाय को खोज रहे तेज सिंह ने नवजात शिशु की आवाज सुनी तो पास में जाकर देखा कि नवजात शिशु लावारिस हालत में पड़ा है। जिसके बाद उसके द्वारा घटना की सूचना ग्राम के सरपंच को दी और रजपुरा थाना पुलिस को मौके पर बुलाया गया, पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से नवजात शिशु को हटा सिविल अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उसे शिशु गहन चिकित्सा कक्ष में रखा गया जिसकी निगरानी डॉक्टरों द्वारा लगातार की जा रही है जिससे शिशु स्वस्थ अवस्था में बताया जा रहा है। रजपुरा थाना पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा आशंका जताई जा रही कि किसी कलयुगी मां द्वारा अपनी करतूत छिपाने के लिए नवजात को जंगल में फेंक दिया गया।